**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट, सोनभद्र) ।**

पत्रांक–3905/रेनुकूट/15 दिनांक, रेनकूट,जून–15, 2017

**सेवा में,**

मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र
मीरजापुर ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में कनहर सिचाई परियोजना के मुख्य नहरों एवं प्रणालियों हेतु रेनुकूट वन प्रभाग की 103.6750 हे. आरक्षित वन भूमि एवं ओबरा वन प्रभाग की 23.4887 हे. आरक्षित वन भूमि कुल 127.1637 हे. आरक्षित वन भूमि का गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में ।

संदर्भः– भारत सरकार पर्यावरण एव वन मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, प्रचम तल, सेक्टर–एच. अलीगंज–लखनऊ का पत्र संख्या– 8बी/यू.पी./02/14/2015/एफ.सी. /372 दिनांक– 26.06.2015

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारत सरकार द्वारा परियोजना के लिए वांछित वन भूमि से संबंधित संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है ।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में अधिशासी अभियन्ता, कनहर निर्माण खण्ड–तृतीय, पिपरी–सोनभद्र ने अपने कार्यालय के पत्र संख्या– 290/क.नि.ख.–3पि/ दिनांक– 07.04.2017 द्वारा कनहर सिचाई परियोजना के मुख्य नहरों एवं प्रणालियों हेतु रेनुकूट वन प्रभाग की 103.6750 हे. तथा ओबरा वन प्रभाग की 23.4887 हे., कुल 127.1637 हे. आरक्षित वन भूमि का गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव रेनुकूट वन प्रभाग में उपलब्ध करायी गयी है । उपलब्ध करायी गयी वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की जॉच कराते हुए प्रस्ताव की 4 प्रतियॉ इस पत्र के साथ संलग्न कर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

अतः कनहर सिचाई परियोजना के मुख्य नहरों एवं प्रणालियों हेतु रेनुकूट वन प्रभाग की 103.6750 हे. आरक्षित वन भूमि एवं ओबरा वन प्रभाग की 23.4887 हे. आरक्षित वन भूमि कुल 127.1637 हे. आरक्षित वन भूमि को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अनुसार लीज पर हस्तान्तरित किये जाने हेतु प्रस्ताव संस्तुति सहित प्रेषित है ।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

(तुलसीदास)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट

संख्या– अ/सम दिनांकित ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र ।
2. अधिशासी अभियन्ता, कनहर निर्माण खण्ड–तृतीय, पिपरी–सोनभद्र को उनके पत्र संख्या– 290/क.नि.ख. –3पि/ दिनांक– 07.04.2017 के कम में ।
3. उप प्रभागीय वनाधिकारी, म्योरपुर ।
4. क्षेत्रीय वन अधिकारी, विण्ढमगंज, दुद्धी, बघाडू एवं बभनी रेंज, रेनुकूट वन प्रभाग ।

(तुलसीदास)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट